# याद किए गए बाबा साहब अंबेडकर, दी श्रद्धांजलि

## विभिन्न जन संगठनों ने किए कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 126वीं जयंती अंबेडकर तिराहा छिंदवाड़ा में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार जोशीले अंदाज में रखें। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से खजरी चौक से विद्यार्थियों ने दशहरा मैदान छिंदवाड़ा से मेहरा समाज, चंदनगांव क्षेत्र से सुजाता महिला मंडल, अंबेडकर नगर से समता बौद्ध विहार द्वारा रैली डीजे बाजे एवं वाहन के साथ निकाली गइ। जहां बड़ी संख्या में रैली में लोग शामिल हुए।

डेहरिया मेहरा समाज द्वारा आयोजित रैली में सांसद विवेक बंटी साहू और छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके शामिल हुए और मोटरसाइकिल से अंबेडकर तिराहा तक पहुंचे जहां भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया।

सभी उपासक उपसिकाओं द्वारा मोमबत्ती जलाकर बुद्ध वंदना की गई। पुष्प अर्पित किए गए तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुसुइया उईके पूर्व राज्यपाल छत्तीसगढ़ मणिपुर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर शेषराव यादव, भाजपा संगठन मंत्री संतोष पारीक, पूर्व मंत्री चौधरी चंदभान सिंह सहित




विभिन्न जनप्रतिनिधि गण और सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में महापौर विक्रम आहाके ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा और सभी ने संकल्प लिया।

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव एडवोकेट रमेश लोखंडे और उनके साथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर छतरी लगाए जाने और मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रखे जाने की मांग पत्र का ज्ञापन पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके व सांसद छिंदवाड़ा विवेक बंटी साहू को सौंपा।

सामाजिक कवि एस.आर. शैंडे द्वारा बुद्ध वंदना कराई गई आमंत्रित अतिथियों मे सुश्री अनुसुइया उईके, डॉ शेषराव यादव, विवेक साहू, चौधरी चंद्रभान सिंह, विजय पांडे, एस. आर. शेंडे सहित विभिन्न लोगो ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर बाबा साहब को याद किया विभिन्न संगठनों के लोग उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट देवेंद्र वर्मा अपने साथियों सहित पहुंचे।

डेहरिया मेहरा समाज के अध्यक्ष पार्षद लोकेश डेहरिया, एड. बलदास डेहरिया और उनकी टीम, रिपब्लिकन पार्टी के अध्यक्ष रामकिशन पाल भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी पार्षद सभापति एसुजाता महिला मंडल, समता बौद्ध विहार के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही आगंतुक अतिथियों का जोशीले अंदाज में स्वागत समारोह भी किया गया मंच संचालन एड. राजेश सांगोडे ने किया।



## परिचर्चा से जाना बाबा साहेब का जीवन दर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा की एन एस एस के स्वयंसेवकों ने बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया।

परिचर्चा में स्वयंसेवकों ने अपने विचार रखे। एन एस एस जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक महान नेता, सामाजिक सुधारक और भारत के संविधान के शिल्पकार थे। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज में समानता की स्थापना के लिए किया गया योगदान उन्हें इतिहास में एक विशेष स्थान दिलाता है।

ऐसे महान विचारक का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू नामक स्थान पर हुआ था, जिसे अब डॉ. अंबेडकर नगर के नाम से जाना जाता है। बाबासाहेब अंबेडकर दलित थे और उस समय की सामाजिक व्यवस्था में उन्हें अछूत माना जाता था। इस कारण उनका बचपन अनेक कठिनाइयों और भेदभाव से भरा रहा। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया।

### सार समाचार

## ग्राम पंचायत पालाचौरई के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं.- तीन में पोषण पखवाड़ा मनाया गया



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग जुन्नारदेव परियोजना अधिकारी सीमा पटेलए पर्यवेक्षक आरती आम्रवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पालाचौरई की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में केंद्र क्रमांक 1, 3, 4, 5, 6 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सामूहिक रूप से पोषण पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की थीम.. बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने पर बल दिया गया एवं अधिक वजन व मोटापे की पहचान करने ग्रामीणों को जागरूक किया गया। और ग्राम की उपस्थित महिलाएं जैसे गर्भवती धात्री महिलाओं के अलावा 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे एवं तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चे भी उपस्थित रहे। इस दौरान महिलाओं व बच्चों को थीम के अनुसार समझाईश दी गई एवं स्वास्थ्य भविष्य के लिए प्रतिज्ञा ली गई एवं स्वास्थ्य भोजन करें सक्रिय रहे एवं जागरूकता फैलाए संतुलित आहार खाएं प्रतिदिन 8 गिलास पानी पीने के बारे में कहा गया। इस अवसर पर शिक्षिका मंजूलता तिवारी, ज्योति प्रजापति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नम्रता राय, लक्ष्मी डेहरियाए, सरिता श्रीवास्तव, सुकरती कुमरे, रीता साहनी, प्रतिमा, पुष्पाए, क्रिशा, रंजीता चौरसिया सहित ग्राम की महिलाए एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## शिक्षण समिति ने मनाई अंबेडकर जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को स्थानीय राजपाल चौक में महात्मा फुले जंयती मनाई गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे मरोती राव चरपे, कृष्ण राव मानेकर, परसराम बाडबुदे थे। महात्मा फुले की फोटो पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वित किया गया व महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर महात्मा फुले शिक्षण समिति अध्यक्ष के रूप मे नामदेव सरोदे, सचिव राजेश दोडके, कोषाध्यक्ष सहादेव बन्नाइत का सर्व सममति से मनोनयन हुआ। अध्यक्ष नामदेव सरोदे ने अपनी कार्यकारणीय में प्रमोद भगत उपाध्यक्ष, राजेश दोडके प्राचार्य उपाध्यक्ष, डॉ. रजनीश आलोनकर उपाध्यक्ष, अशोक अंबाड़कर उपाध्यक्ष, महामंत्री जित्तु सेमेकार, सह कोषाअध्यक्ष वासुदेव दोड़के, सहसचिव अरूण घोरसे, पंजाब दोड़के, संगठन मंत्री अलकेश चरपे, सह संगठन मंत्री विनोद कारटे, प्रचार मंत्री निलेश घोरसे, गीतेश दोड़के, सदस्य संजु धादोड़े, संजु सातपुते, एंव 15 सदस्य बनाये गये। इस अवसर पर वरिष्ट सलाहकार मरोती चरपे, बाबूराव धादोड़े, परसराम बाड़बुदे, नारायण दोड़के, पी.एन. सेमेकार, चन्द्रकुमार माटे, रामराव चरपे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।



## धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हुए पूर्व सांसद नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ गत दिवस अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार जिला मुख्यालय पर आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हुए। पावन पर्व बैसाखी पर गुरुद्वारा में हुए कार्यक्रम में शामिल हुए तो वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 23 में चल रही शिव महापुराण कथा में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किए।

नकुलनाथ ने सर्वप्रथम गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और सभी को बैसाखी पर्व की लख-लख बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी पर्व के दिन ही सिख पंथ के गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। तभी से बैसाखी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने का कि यह त्योहार पंजाबी नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने पुनरू सभी को बैसाखी पर्व की हार्दिक.हार्दिक शुभकामनाएं दी।

नगर के वार्ड क्रमांक 23 में चल रही शिवमहापुराण कथा में सम्मिलित हुए नकुलनाथ ने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक से आर्शीवाद प्राप्त किया साथ ही शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने के उपरांत आरती कर सभी के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की।



## स्वच्छता दूतों ने की जलकुंड की सफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमारी पुरातत्व धरोहर को संरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले के प्राचीन मन्दिर पातालेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में बने पुराने जल कुंड के संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर स्वच्छता दूतों ने चंद मिनटों हाथो में घुमेले पकड़े कुंड में पड़े कूड़ा कड़कट को एकत्र कर मानव श्रृंखला बनाकर कल को बचाना है तो जल को बचाना होगा जैसे प्रेरणा दाई नारे लगाते हुए जन अभियान परिषद के जल स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह पुनीत कार्य म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया।


कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता एवं नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर विनोद तिवारी, मेंटर्स श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के नेतृत्व में म.प्र. जन अभियान परिषद के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, म.प्र.जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थायें, प्रस्फुटन समितियों सहित क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा जिले के धार्मिक स्थल पातालेश्वर धाम मंदिर परिसर स्थित जल कुंड की साफसफाई कर अभियान चलाया गया, जिसमें कुंड के अंदर पानी में से कूड़ा-करकट, पूजन सामग्री, वृक्ष के पत्ते सहित कुंड की साफसफाई की गई।



इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कहा कि हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक ब्लॉकों में भी जल स्वच्छता, जल स्रोतों की सफाई अभियान, नदी, नाले, तालाब सहित जल संरक्षण के लिए आम जनों को जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थायें, प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान से जल स्रोतों की साफसफाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में आज रविवार को म.प्र. जन अभियान परिषद के सम्पूर्ण अमले ने छिंदवाड़ा नगर में स्थित पातालेश्वर धाम मंदिर परिसर में जल कुंड की साफसफाई अभियान में श्रमदान से बड़ी मात्रा में जल कुंड के अंदर से उसकी सीढ़ीयों में जमा गंदगी को साफ कर जल स्वच्छता का संदेश दिया।

## नाट्य गंगा की 45 दिवसीय अभिनय कार्यशाला एक मई से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं रंगमंडल नाट्य गंगा छिंदवाड़ा जिले में रंगकर्म के प्रदर्शन, प्रचार और प्रशिक्षण के लिए सदैव प्रयासरत रहती है। एक ओर संस्था अपने रंग आंदोलन 200 दिनों में 2000 नए रंगदर्शक से रंगकर्म को छिंदवाड़ा के कोने-कोने तक पहुँचाने में जुटी हुई तो दूसरी ओर संस्था अपनी एक्टिंग वर्कशॉप के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म की बारीकियां सिखाकर उन्हें रंगकर्म से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य भी कर रही है।



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा 1 मई से पैतालिस दिवसीय फिल्म एवं रंगमंच, एक्टिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। जिसमें स्थान सीमित होने के कारण ऑडिशन के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आगामी रविवार 20 और 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और शाम 5 बजे से 8 बजे तक संत जोसफ स्कूल, खजरी रोड के सामने स्थित नाट्य गंगा के ऑफिस में ऑडिशन लिया जाएगा।

इच्छुक प्रतिभागी इन दोनों में से किसी भी एक दिन आकर अपना ऑडिशन दे सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों की सूची 29 अप्रैल को रंगमंडल द्वारा जारी की जाएगी और 1 मई से सुबह 7 बजे से 45 दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ की जाएगी।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्टेज एक्टिंग, कैमरा एक्टिंग, वॉइस एंड स्पीच, गीत एवं संगीत, नृत्य, मार्शल आर्ट्स, परंपरागत नृत्य आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में भोपाल, हरियाणा, मुंबई, बालाघाट आदि स्थानों से आने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

कार्यशाला के दौरान कुछ नाटकों को भी तैयार किया जाएगा जिनका मंचन कार्यशाला के दौरान तथा कार्यशाला की समाप्ति पर किया जाएगा। संस्था के सभी कलाकारों ने इच्छुक प्रतिभागियों से ऑडिशन में आने का अपील किया है।

## संत रविदास समाज संगठन ने धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को गुरु रविदास धाम वार्ड नं 23 खिरकापुरा में भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव पर्व बड़ी श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।

रविदास समाज संगठन के अध्यक्ष श्याम डोले ने बताया कि आज सुबह 11 बजे गुरुधाम रविदास महाराज के मंदिर प्रांगण में सर्व प्रथम गुरु रविदास की आरती अरदास की गई। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ एवं मातृशक्ति तथा बच्चों की उपस्थिति में डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके भारतीय समाज में उनके योगदान को याद किया गया।



इसके पश्चात समाज के द्वारा दोपहिया वाहन रैली निकाली गई जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सीधे अंबेडकर चौक पहुंची। यहां पर समाज के सम्माननीय सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्ति ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे कामता प्रसाद अहिरवार, एस.पी. सेवतिया, मनोज चौरे, अशोक बिंझाडेकर, विक्रांत अहिरवार, रवि मोहबे, ब्रजेश मंडराह, राजेश डोले, नीरज अहिरवार, हरीश बघेल, शिव प्रसाद मंडराह, मनोज मंडराह, बुदेश गौनेकर, राज गोनेकर, अजय बघेल, अजय टांडेकर, श्याम अहिरवार, राजेश मंडराह, पप्पू गौनेकर, आकाश अहिरवार, देवी दास बरखाने, महेश डोले, मनोज मंडराह, सीता राम टांडेकर, सुरेश डोले, अरुण चौकसे, पुरषोत्तम डोले, कैलाश डोले, राखी गौनेकर, सोनम अहिरवार, संध्या बिंझाडेकर, किरण मंडराह, विधा डोले, दुर्गा पिपले, मोनिका बरखाने, ममता चौखे, रिया जगने सुनीता चौखे, कंचन मंडराह, मंजू अहिरवार सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे जहां लोगों ने जोशीले नारे भी लगाऐं जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा, जय जय भीम, जय जय भीम

## भाजपा ने अम्बेडकर जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर छिंदवाड़ा भाजपा नगर मंडल तीन के वार्ड क्रमांक 35 इमलीखेड़ा वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वार्ड में मार्गो पर पदयात्रा निकलकर डॉ. अम्बेडकर के नारे लगाए गए चौपाल लगा कर आम जन की बात सुनी गई ।

नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, पूर्व उपाध्यक्ष पंकज पाटनी उपस्थिति में इमली खेड़ा चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर



माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की है, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित संविधान से देश में लोकतंत्र की जड़े मजबूत हुई है और दलित, आदिवासी, पिछड़े और शोषित वर्ग का सम्मान बढ़ा और समाज में बराबरी का दर्जा हासिल हुआ है। इस अवसर पर रामेश्वर ठाकरे, घनश्याम पाटिलकर, त्रिलोक राउत, रोहित माहोरे, योगेश साहू, नितिन राउत, निशांत दाड़े, मोहित बुनकर उपस्थित थे।

## डॉ. अम्बेडकर ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया : उईके




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्ति थे तथा एक महामानव के रूप में उन्होंने दलितों, पिछड़ों, शोषितों और वंचितों के साथ ही समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की जो नींव रखी, वो आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके कल 14 अप्रैल को स्थानीय सत्कार तिराहे पर दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की भारतीय बौद्ध महासभा मध्य प्रदेश शाखा की छिंदवाड़ा इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की 134 वी जन्म जयंती पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन एक प्रेरणा स्रोत है, जो हर पीढ़ी को समता और सम्मान के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने न केवल कानूनी ढांचा तैयार किया, बल्कि अपने विचारों और लेखन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई, जिससे महिलाओं, दलितों और उत्पीड़ित समुदायों को अधिकारों की मुख्य धारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक आदि सभी क्षेत्रों में समाज के लोगों को समानता के स्तर पर लाने और उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया तथा इसके लिए उन्होंने संविधान में जो व्यवस्थाएं की है उससे समाज के शोषित, पीड़ित, दलित, महिला, आदिवासी आदि सभी वर्गों को आज भी इसका लाभ मिल रहा है ।

## किसी भी राजनीतिक दल को संविधान से छेड़छाड़ नहीं करने देंगे : नकुलनाथ




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत वर्ष के संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष, भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अम्बेडकर तिराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्-शत् नमन किया। उपस्थित जनों को संविधान निर्माता के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समस्त उपस्थित जनों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें हृदय से याद किया व जय भीम के गगन भेदी नारों से उदघोष किए।

आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नकुलनाथ ने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़े गौरव का विषय यह है कि बाबा साहब के द्वारा लिखित संविधान में सभी को समानता व न्याय का अधिकार मिला है। सभी के लिए एक जैसा कानून व नियम है। यही वजह है कि हमारे देश के संविधान की नकल अन्य देशों ने भी की है। ऐसे संविधान को बदलने का प्रयास सतत जारी है जो चिंता का विषय है। किन्तु कांग्रेस के रहते कोई भी राजनीतिक दल संविधान से छेड़छाड़ नहीं कर सकता। कांग्रेस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। अपने सारगर्भित उदबोधन में नकुलनाथ ने आगे कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं बल्कि समाज सुधारक भी थे, उन्होंने समाज में फैली अनेकों कुरीतियों को मिटाने का कार्य किया है। भारत का संविधान हमारे देश की एकता अखंडता व साम्प्रदायिकता सद्भाव की भावनाओं से ओतप्रोत एक ग्रंथ है जिसकी रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है। उन्होंने अंत में स्वयं व कमलनाथ की ओर से उपस्थित जनों को बाबा साहब के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### सार समाचार

## कांग्रेस सदस्यों ने की घायल से अस्पताल में भेंट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव ने शहर के आनंद अस्पताल पहुंचकर सड़क हादसे में घायल हुए दीनानाथ दोईफोड़े से भेंट की। स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी लेने के उपरांत डॉक्टरों से चर्चा कर दोईफोड़े के स्वास्थ में आ रहे सुधार और अन्य जानकारियां ली। इस दौरान कांग्रेस परिवार के सदस्यगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पेश की चादर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अम्बेडकर तिराहा स्थित कमली वाले बाबा की दरगाह पर चादर पेश कर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने अमन-चैन की दुआ मांगी साथ ही सभी के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कमलनाथ व नकुल ने जताया दुख

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सी.बी. सूर्यवंशी के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया। नेताद्वय ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। कमलनाथ व नकुलनाथ ने शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने व दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कांग्रेस परिवार की ओर से गहन दुख व्यक्त किया।

## बाजीलाल कुमरे को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना जिले के नांदनवाड़ी ब्लॉक कांग्रेस में पर्यवेक्षक मनोनीत किए गए हैं। छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना विधानसभा प्रभारी विजय चौधरी, पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके से चर्चा के उपरांत बाजीलाल कुमरे को नांदनवाड़ी ब्लॉक में पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया। श्री कुमरे ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ व नकुलनाथ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व विधायकगणों का आभार माना है।

## वैश्य महासम्मेलन पांढुर्णा के अध्यक्ष बने नितिन बैहुणे

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा प्रदेश संगठन महामंत्री विजय झांझरी, प्रदेश महामंत्री मनीष अग्रवाल और प्रदेश मंत्री रमेश जाखोटिया की अनुशंसा पर संगठन के ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ता पांढुर्णा निवासी नितिन बैहुणे को जिला ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। तदाशय की जानकारी देते हुए संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने बताया कि संगठन की सक्रियता और विस्तार के लक्ष्य से यह विस्तार किया गया है। पांढुर्णा जिला बनने के बाद वहां संगठन की गतिविधियों में सक्रियता लाने के लिए उपयुक्त नेतृत्व की तलाश की जा रही थी। उम्मीद है कि श्री बैहुणे अपनी सकारात्मक प्रयासों एवं सभी सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग से पांढुर्णा जिले में संगठन मजबूत करने में सफल होंगे।



## विद्यार्थियों को बांटी एक करोड़ की सीड मनी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा की मंडी शनिवार को इनोवेशन और उद्यमशीलता की मिसाल बन गई। कार्यक्रम में 5000 से ज़्यादा विद्यार्थियों को उनके व्यवसायिक विचारों के लिए एक करोड़ रुपये की सीड मनी दी गई। मंच से मंत्री उदय प्रताप ने कहा कि अब समय आ गया है कि विद्यार्थी नौकरी मांगने वाले नहीं, अवसर पैदा करने वाले बनें।

## मेहरा डेहरिया समाज ने निकाली बाइक रैली





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मेहरा डेहरिया समाज के पुरूष एंव महिला वर्ग ने जय भीम के नारों के साथ विशाल दुपहिया मोटर साइकिल निकाली पूरे जिले भर से शामिल हुए मेहरा डेहरिया समाज के लोगो में बाबा साहेब के विचारों का अनुसरण करने बचन बद्ध हुये।

रैली सावित्री बाई फुले, इसीका डेहरिया एंव बाबा साहेब की सुंदर झांकियों डी.जे. के साथ दशहरा मैदान (पोला) ग्राउंड से प्रारंभ होकर कांग्रेस कार्यलय के सामने से फव्वारा चौक से अम्बेडकर तिराहा पहुची जहाँ डॉ0 भीमराव अंबेडकर के स्टेच्यू पर सामाजिक लोगो ने माल्यापर्ण कर रैली बस स्टैंड होती हुई चार फाटक नरसिंहपुर रोड होते हुये कुसमेली मंडी रोड समाजिक भवन पहुची जहाँ पर रैली का समापन हुआ। भवन में पूरे जिले से उपस्थित लोगों की सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह एंव महापौर विक्रम आहाके ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने संबिधान में हर वर्ग के लिये स्थान दिया है तथा वह महा मानव थे जिहोंने दबे, कुचले एंव शोषण के खिलाफ संघर्ष किया है दोनों ही नेताओ ने मंच पर बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर केक काटकर मेहरा डेहरिया समाज को बधाई दी एवम जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव वही भाजपा परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया ने भी संबोधित किया।

रैली के दौरान अनेक स्थानों में शीतल ठन्डे पेयजल, कोल्ड ड्रिंक, छाछ, शर्बत की व्यवस्था यातायात पुलिस थाने के पास पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनारायण डेहरिया ने पोहा, छाछ, केले एंव नरसिंहपुर रोड जगन्नाथ स्कूल के पास निगम अध्यक्ष सोनू मांगो ने नमकीन पैकेट वितरित किये वहीं धर्मेंद्र मिगलानी द्वारा शयम टाकीज के पास बिस्किट पैकेट, पानी बोतल रैली में जन समुदाय को वितरित किये। जबकि अन्य स्थानो पर ओर भी लोगो ने फ्रूटी पानी की बॉटल का वितरण हुआ जिसके लिये मेहरा डेहरिया समाज के पदाधिकारियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिस तरह महिलाएं एंव पुरुषों में अंबेडकर जयंती को लेकर उत्साह था उससे कहीं ज्यादा मेहरा समाज के युवा वर्ग रैली के दौरान उत्साहित नजर आ रहे थे। जय भीम नारे नीले झंडे बैनर लहरा रहे थे। रैली व्यवस्था प्रभारी ललित डेहरिया, संजय डेहरिया तथा सभा का कुशल मंच संचालन दिनेश डेहरिया तथा रामबालक डेहरिया द्वारा किया गया'

## आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं सबीना बानो

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के डोंगर परासिया नगर के वार्ड क्रमांक- 08 में रहने वाली सबीना बानों ने अपनी मेहनत, हौसले और स्व-रोजगार योजना की मदद से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। आज वे अपनी किराना और कॉस्मेटिक्स की दुकान से महीने में नहीं बल्कि प्रतिदान 3 से 5 हजार रूपये तक का शुध्द लाभ प्राप्त कर रही हैं। उनकी कहानी उन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा हैए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान और परिवार की खुशहाली के लिए संघर्ष करती है।

सबीना बानों ने भौतिकी (फिजिक्स) में पोस्ट ग्रेजुएशन तक शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन



पारिवारिक हालात ऐसे नहीं थे कि वह अपने ज्ञान का सही उपयोग कर पाती।

पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उन्हें दूसरों के घरों में काम करना पड़ा। कभी 100 रुपये, कभी 200 रुपये और कभी-कभी 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलती थी। महीनेभर काम करने पर भी बमुश्किल 2 से 5 हजार रुपये की कमाई होती थी। इतनी आमदनी में परिवार का भरण-पोषण करना अत्यंत कठिन था।

लेकिन कहते हैं न कि जब रास्ता नज़र नहीं आता तब उम्मीदों की किरण राह दिखाती है। एक दिन सबीना का नगर पालिका डोंगर परासिया के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने सोचा- क्यों न मैं भी इस योजना का लाभ उठाकर कुछ नया शुरू करूं। इस योजना के अंतर्गत न केवल बिना गारंटी के लोन मिलता है, बल्कि सरकार की ओर से सब्सिड़ी भी दी जाती है।

सबीना ने तुरंत नगर पालिका में 10,000 रुपये के लोन के लिए आवेदन किया। उन्हें यह लोन मिला और उन्होंने अपनी पहली छोटी किराना दुकान शुरू की। शुरुआत में सब कुछ नया था, लेकिन सबीना की मेहनत और लगन रंग लाई। कुछ समय बाद उन्होंने 20,000 रुपये का दूसरा लोन लिया और अपने व्यवसाय को और विस्तारित किया।

सिर्फ इतना ही नहीं, सबीना ने अपनी थोड़ी-बहुत बचत भी इसमें जोड़ी और अपनी दुकान में सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक आईटम) का सामान भी रखना शुरू किया। आज उनकी दुकान किराना और कॉस्मेटिक दोनों का केंद्र बन चुकी है। ग्राहक बढ़े, बिक्री बढ़ी और अब उनकी दैनिक आमदनी 5,000 रुपये तक पहुंच गई।

अब सबीना न केवल अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज में एक नई पहचान भी बना चुकी है। उन्हें सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा हैए जिससे उनका और उनके परिवार का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

सबीना की कहानी यह बताती है कि यदि शिक्षित महिलायें ठान लें और समय पर सही निर्णय लिया जाए, तो कोई भी महिला अपने जीवन को बदल सकती है। उन्होंने अपनी किस्मत बदली और अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य भी सुनिश्चित किया। सबीना बानों अब सिर्फ एक गृहिणी नहीं बल्कि एक सफल उद्यमी हैं।

## संवादहीनता से बचे पुलिस : अवधेश प्रताप




### बालाघाट कमांडेंट के रूप में स्थानांतरित हुए एएसपी को प्रेस क्लब ने दी विदाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में ए.एस.पी. के पद पर पदस्थ अवधेश प्रताप सिंह का प्रमोशन के बाद बालाघाट में तबादला हो गया है, दो साल से अधिक समय तक छिंदवाड़ा में पदस्थ रहे श्री सिंह के लिए प्रेस क्लब के सदस्यों ने विदाई समारोह आयोजित किया।

इस दौरान श्री सिंह ने छिंदवाड़ा से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सेवाकाल में 27 वर्षों में 16 जिलों में काम किया है, लेकिन छिंदवाड़ा के जैसा जिला कहीं देखने को नहीं मिला, जितना सहयोग यहां के लोगों और मीडिया ने किया वो कहीं नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि कई बार विषम परिस्थितियां आई, विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी कराए, लेकिन इन हालात को भी बेहतर तरीके से संभाला जा सका, क्योंकि कभी हमने लगातार संवाद कायम रखा। मैं पुलिसकर्मियों को भी यही कहता हूं कि कभी संवादहीनता न होने दें।

उन्होंने कहा कि भले ही मेरा तबादला हो गया है, लेकिन मैं यहां आते रहूंगा। ए.एस.पी. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे स्वजनों ने हमेशा सीख दी है कि जिस जिले में काम करो, उसे अपना ही मानकर काम करो, क्योंकि विषम परिस्थिति में स्थानीय लोग ही सबसे पहले मदद करेंगे।

सिंह ने कहा कि छिंदवाड़ा के लोग सकारात्मक सोच रखते हैं। मेरा जुड़ाव छिंदवाड़ा से हमेशा बना रहेगा।

इस दौरान नवागत ए.एस.पी. आयुष गुप्ता, कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी, कुंडीपुरा थाना प्रभारी मनोज बघेल, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन पांडे, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष आर.एस. वर्मा, रत्नेश जैन, प्रेस क्लब सचिव गिरीश लालवानी, उपाध्यक्ष शक्ति, सहसचिव अफाक हुसैन और कोषाध्यक्ष पवन शर्मा समेत वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

## बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही भाजपा सरकार : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव राव अंबेडकर के सपने को भाजपा सरकार पूरा कर रही है, बाबा साहब के सिध्दांतों को अपनाते हुए विचारों को अपनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को विकास पथ पर ले जाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि विकसित देशों की सूची में दस साल पहले भारत चौदहवें नंबर पर था, वह अब पांचवें नंबर आ गया है।



उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा भारतीय बौद्ध महासभा के द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर तिराहा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

सांसद श्री साहू ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा लिखे गए समतामूलक संविधान की बदौलत भारत आज एकता के सूत्र में बंधा हैए देश विकास के शिखर को छू रहा है। उन्होंने भारतीय बौद्ध महासभा के मांगों के समर्थन में डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर छत्री लगाए जाने, सौंदर्यीकरण करने एवं मेडिकल कॉलेज छिंदवाढ़ा को डॉ. आंबेडकर का नाम दिए जाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही।